हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 17 मई 2026, समय 13:05 (05 मिनट)

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला परिसर में हिंदुओं को पूजा-पाठ और अन्य कार्यक्रमों के लिए निर्बाध प्रवेश की अनुमति दे दी है। इससे पहले मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भोजशाला को देवी सरस्वती का मंदिर घोषित किया था।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के आदेश का हवाला देते हुए एक अधिकारी ने कहा कि भोजशाला एक मंदिर होने के साथ-साथ संस्कृत भाषा, व्याकरण और साहित्य के अध्ययन और अनुसंधान का केंद्र भी है। उच्च न्यायालय की इंदौर बेंच ने भारतीय पुरात्तव सर्वेक्षण के 7 अप्रैल 2003 के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें मुस्लिम समुदाय को हर शुक्रवार भोजशाला परिसर में नमाज पढ़ने की अनुमति दी गई थी। न्यायालय ने यह भी कहा है कि मुस्लिम समुदाय जिले में मस्जिद निर्माण के लिए अलग जमीन के आवंटन के लिए राज्य सरकार से संपर्क कर सकता है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने, ईंधन बचाने और पर्यावरण की सुरक्षा के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद, सभी विभागों को सरकारी वाहनों के सीमित उपयोग और ईंधन बचाने के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

इन निर्देशों के अनुरूप, हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी और लोक निर्माण मंत्री, रणबीर गंगवा ने दोनों विभागों में सरकारी वाहनों के उपयोग के संबंध में प्रभावी कार्रवाई शुरू करके एक बड़ा कदम उठाया है। मंत्री ने अपने काफिले से पायलट वाहन को भी हटा दिया है। समीक्षा के बाद, मंत्री के कार्यालय से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से नौ वाहन और लोक निर्माण विभाग से आठ वाहन तत्काल वापस लेने के आदेश जारी किए गए।

श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सरकारी वाहनों का उपयोग केवल आवश्यक सरकारी और जन कल्याण के कार्यों के लिए ही किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहाँ भी संभव हो, वर्चुअल बैठकों को बढ़ावा दें, अनावश्यक यात्रा से बचें और ईंधन बचाने के लिए वाहन पूलिंग को अपनाएँ। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को वाहनों की लॉग बुक और ईंधन के खर्च की नियमित रूप से निगरानी करने के भी निर्देश दिए।

केंद्र सरकार ने चांदी के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा कि सोने और प्लैटिनम से मढ़ी हुई चांदी सहित चांदी के आयात की नीति को मुक्त से प्रतिबंधित करके संशोधित कर दिया गया है। सरकार ने बुधवार को कीमती धातुओं पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया था।

आकाशवाणी के नब्बे वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हिसार केंद्र द्वारा संगीत कार्यक्रम व मैराथन का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे कैबिनेट मंत्री ने आकाशवाणी के 90 वर्ष पूरे होने पर हिसार केंद्र का संचालन करने वाले सभी लोगों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि आकाशवाणी के 90 वर्ष बहुत ही गौरवपूर्ण रहे हैं।एक समय में आकाशवाणी ही हमारे पास सूचना,जानकारियों व मनोरंजन का माध्यम था, बदलते परिवेश में आज भी आकाशवाणी उतनी ही प्रासंगिक है।प्रधानमंत्री का मन की बात' कार्यक्रम भी आकाशवाणी के माध्यम से हम सब तक पहुंच रहा है।

कैबिनेट मंत्री ने मैराथन को झंडी दिखाई। इससे पहले उन्होंने कहा कि आकाशवाणी द्वारा आयोजित इस मैराथन दौड़ का हिस्सा बन कर मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।

आकाशवाणी हिसार के कार्यक्रम प्रमुख पवन कुमार ने बताया कि आज मैराथन में हिसार से बड़ी संख्या में मीडिया कर्मियों,खेल प्रेमियों सहित आम लोगों ने भाग लिया ।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पहली जुलाई को अहर्ता तिथि मानकर हरियाणा में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया है।

पंचकूला के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतपाल शर्मा ने बताया कि बीएलओ 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक घर घर जाकर सत्यापन का कार्य करेंगे तथा प्रारम्भिक प्रकाशन 21 जुलाई को सभी प्रकाशन स्थलों व मतदान केंद्रों पर निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों के माध्यम से करवाया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस दौरान दावे और आपत्तियां 21 जुलाई से 20 अगस्त तक जमा करवायी जा सकती हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने फरीदाबाद के सेक्टर-3 स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार देर रात एक गर्भवती महिला का प्रवेश द्वार के निकट प्रसव होने की घटना की जांच शुरू कर दी है।

विभाग ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। पूरे मामले की जांच फरीदाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत आहूजा और उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रचना की अध्यक्षता में गठित जांच समिति कर रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी और इमरजेंसी के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि परिजनों को इमरजेंसी प्रवेश द्वार की जानकारी नहीं होने के कारण भ्रम की स्थिति बनी, जिससे यह घटना हुई।